गैमन हाइड्रो क्षेत्र में दिखाएगी अपना जलवा

इंजीनियरिंग क्षेत्र में पार्वती प्रोजेक्ट अव्वल

कंपनी ने दो प्रेशर साफ्ट का निर्माण कर इंजीनियरिंग क्षेत्र में पाई सफलता

करतार कौशल

बंजार, 28 जुलाई। देश-विदेश में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में तहलका मचा चुकी देश की नामी कंपनी गैमन इंडिया अब हाइड्रो पावर में नंबर वन बनना चाहती है। पुल निर्माण में अव्वल दर्जा हासिल कर चुकी गैमन कंपनी प्रदेश में बन रहे पार्वती प्रोजेक्ट व कोल डैल को रिकार्ड समय में पूरा करने की कवायाद में जुटी है। पार्वती के तृतीय चरण का लक्ष्य दिसंबर 2011 है, जबकि पार्वती के दूसरे चरण में टीवीएम मशीन इस परियोजना में सबसे बड़ा हथियार साबित हो रही है। पार्वती प्रोजेक्ट में गैमन इंडिया ने अत्याधिक इंजीनियर की अद्वितीय मिसाल पेश की है। कंपनी ने सिंयूड़ में 35 डिग्री की ढलान पर 1543 मीटर की दो प्रैशर शाफ्ट का निर्माण कर इंजीनियर के क्षेत्र में सनसनी फैलाई है, जबकि पार्वती के तीसरे चरण विहाली मे 90 डिग्री में सर्जशाफ्ट तथा प्रैशर शाफ्ट का निर्माण कर बेजोड़ नमूना पेश किया है। गैमन कंपनी के कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक कंपनी अब तक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में महारत थी किंतु अब हाईड्रो के क्षेत्र में भी अपना जलवा बिखेरना चाहती है।

कंपनी ने वर्ष 1921 से अपना सफर करते हुए विदेशों में भी कई निर्माण कर चुके हैं। शारजाह में टर्मिनल भवन नेपाल में 22 बड़े पुलों का निर्माण तथा गेटवे आफ इंडिया प्रमुख है। गैमन कंपनी अभी तक 99.5 किमी के तीन राष्ट्रीय राजमार्ग 621 करोड़ में बना चुकी है, जबकि 223.09 करोड़ की लाख से 97 किमी की सड़कें, असाम में ब्रह्मपुत्र नदी पर 238.40 करोड़ से पुल का निर्माण, 315.81 करोड़ की लागत से दिल्ली में ट्रो 551.90 करोड़ से 32 किमी गोरखपुर वाईपास रोड, 347.05 करोड़ से दस किमी लंबा क्रोसी नदी पर फोरलेन पुल, 286.32 करोड़ रुपए की राशि से तमिलनाडू में पावर प्रोजेक्ट, आंध्रप्रदेश में 631 करोड़ की लागत से उठाऊ सिंचाई योजना, पटना में 55 किमी महात्मा गांधी सेतु 6.5 लंबी रेल टनल,111 किमी की पटना पाइपलाइन, महाराष्ट्र में 81 गांधी को पेयजल सुविधा, भूटान में कुरिचू पावर हाउस के अलावा दर्जनों पर्यावरणीय-प्रोजेक्ट, न्यूक लेयर, थर्मिनल पावर, फलाई ओवर निर्माण कंपनी द्वारा तय समय अवधि तैयार किए गए हैं। उधर, गैमन के महाप्रबंधक बीएम जोगलेकर ने बताया कि सुखद आश्चर्य यह है कि परियोजना के निर्माण कार्य के दौरान कोई जानी नुकसान नहीं हुआ और न ही इस उपलब्धि से कोई खातरनाक हादसा जुड़ा है।

सन फार्मा को 501 करोड़ रुपए शुद्ध लाभ

नई दिल्ली 28 जुलाई। सन फार्मा इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 जून, 2011 को समाप्त हुई तिमाही में 501 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की इसी अवधि में 564.32 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।